हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

02 मई 2025, समय 06.10

<u>मुख्य समाचार</u>

--वेव्स शिखर सम्मेलन में आज वैश्विक मीडिया संवाद का आयोजन किया गया- विदेश मंत्री डॉ सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने कहा कि प्रौद्योगिकी देश की अनमोल विरासत के बारे में जागरूकता को बढ़ावा दे सकती है।

--सूचना और प्रसारण मंत्रालय वैश्विक मीडिया शिखर संवाद सम्मेलन वेव्स में कल मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र पर वर्ष 2024-25 के आंकड़ो से संबंधित एक हैंडबुक जारी करेगा।

--हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुणवत्ता आश्वासन प्राधिकरण द्वारा तैयार मानक संचालन विधियां एवं प्रक्रियाओं का विमोचन किया।

-- मुख्यमंत्री ने गुणवत्ता आश्वासन प्राधिकरण की वेबसाइट भी जारी की।

-- इंडियन नेशनल लोकदल-इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा नंगल बांध के कंट्रोलिंग स्टेशन पर ताला लगवाने की कड़ी निंदा की।

-----------------------------------------------------------

वेव्स शिखर सम्मेलन में आज सुबह मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में वैश्विक मीडिया संवाद का आयोजन किया गया।सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा विदेश मंत्रालय के सहयोग से आयोजित यह संवाद वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य के साथ भारत के जुड़ाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि

है। प्रधानमंत्री  मोदी ने कल चार दिवसीय वेव्स शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया था।

विदेश मंत्री डॉ सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने वैश्विक मीडिया संवाद के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी और परंपरा को साथ-साथ चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी देश की अनमोल विरासत के बारे में जागरूकता को बढ़ावा दे सकती है। उन्होंने कहा कि नवाचार ऊंचाई तक पहुंचने की कुंजी है, जो 2047 तक एक विकसित भारत का निर्माण करेगी।

इस अवसर पर सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मीडिया और मनोरंजन उद्योग जगत का बाजार लगभग तीस खरब अमरीकी डॉलर का है। उन्होंने कहा कि संस्कृति ही रचनात्मकता को प्रेरित करती है और यह सीमाओं के पार भी लोगों को जोड़ती है।

कार्यक्रम के दौरान सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन तथा सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू भी मौजूद रहे।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

वैश्विक मीडिया वार्ता के दौरान आज वेव्स घोषणा को अपनाया गया और सदस्य राष्ट्रों ने परंपराओं और विरासत को आगे बढ़ाने में सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की।

वेव्स शिखर सम्मेलन के अंतर्गत आयोजित इस मीडिया वार्ता में 77 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी देशों ने गलत सूचना और भ्रामक सूचनाओं के प्रसार

को रोकने और मीडिया की अखंडता, तथ्य-आधारित पत्रकारिता और जिम्मेदार विज्ञापन को बढ़ावा देने पर सहमति व्यक्त की।

------------------------------------------------------------------------------------------

सूचना और प्रसारण मंत्रालय मुंबई में आयोजित वैश्विक मीडिया संवाद कार्यक्रम वेव्स में कल मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र पर वर्ष 2024-25 के आंकड़ो से संबंधित एक हैंडबुक जारी करेगा।

यह हैंडबुक मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र पर समयबद्ध, विश्वसनीय, प्रामाणिक और व्यापक डेटा संकलित करने के सरकार के प्रयासों का हिस्सा है। मंत्रालय ने कहा है कि मीडिया और मनोरंजन दोनों ही सेवा क्षेत्र के महत्वपूर्ण घटक हैं, जिसमें देश की अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान करने की अपार क्षमता है।

------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में मजबूत, टिकाऊ और सतत बुनियादी ढांचा सुनिश्चित करने के लिए आज गुणवत्ता आश्वासन प्राधिकरण द्वारा तैयार मानक संचालन विधियां एवं प्रक्रियाओं (एसओएमपी) का विमोचन किया। पंचकूला में आयोजित गुणवत्ता आश्वासन सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि एक विज़न है। एक ऐसी नींव, जिस पर हम गुणवत्तापूर्ण और दीर्घकालिक अवसंरचना, सेवाएं और सुशासन का भव्य भवन निर्मित करेंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन हरियाणा की विकास यात्रा में गुणवत्ता को केंद्र में रखने की सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री ने हरियाणा प्राधिकरण की स्थापना के दो वर्ष पूर्ण होने पर बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि इस प्राधिकरण ने अल्प समय में जो अनुकरणीय कार्य किए हैं, उसके लिए प्राधिकरण सराहना का पात्र है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुणवत्ता आश्वासन प्राधिकरण की वेबसाइट भी जारी की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह 'गुणवत्ता आश्वासन प्राधिकरण' भारत का पहला राज्य स्तरीय संस्थान है, जो अवसंरचना गुणवत्ता पर पूर्ण रूप से ध्यान केंद्रित करता है। इसके मॉडल का अन्य राज्य और केंद्रीय संस्थाएं भी अध्ययन कर रही हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह मॉडल जल्द ही पूरे देश में गुणवत्ता आश्वासन के लिए एक 'राष्ट्रीय नेटवर्क के रूप में विकसित होगा।

उन्होंने कहा कि अधूरा या खराब निर्माण, निर्माण न होने से भी ज्यादा हानिकारक होता है। इसी सोच को आत्मसात करते हुए सरकार ने गुणवत्ता को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का गुणवत्ता आश्वासन सम्मेलन केवल प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल के बारे में नहीं, यह हमारे समग्र दृष्टिकोण का हिस्सा है, जो हमें एक मजबूत, सुरक्षित और स्मार्ट हरियाणा बनाने की ओर अग्रसर करेगा।

------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पीने के पानी के लिए राजनीति ठीक नहीं है।

आज पंचकूला  में पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा सिंचाई के पानी की बात नहीं कर रहा, पीने के पानी की बात कर रहा है ।

---

इंडियन नेशनल लोकदल-इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा नंगल बांध के कंट्रोलिंग स्टेशन पर ताला लगवाने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा है कि  यह संघीय □ांचे पर चोट है और एक गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान पर मुकदमा दर्ज कर इस पूरे मामले की जांच सीबीआई द्वारा करवाई जानी चाहिए।

श्री चौटाला ने कहा कि देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि जब हिमाचल से आए पानी पर पंजाब के मुख्यमंत्री ने ताला लगाया है। उन्होंने केंद्र सरकार से, इस मामले में हस्तक्षेप कर सारी स्थिति को अपने हाथ में लेने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान ने हरियाणा विधानसभा चुनावों में कहा था कि हरियाणा को उसके हक का पानी देंगे। अब वे हरियाणा में चुनाव हारने के बाद पानी देने से इंकार करके हार की खीज मिटा रहे हैं।

---

हरियाणा, देश भर में सकल वस्तु सेवा-जी एस टी कर संग्रह में चौथे स्थान पर पहुंच गया है।
अप्रैल 2025 में हरियाणा ने 14,057 करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रह किया है। यह उपलब्धि ऐसे समय में मिली है जब भारत ने इसी अवधि के दौरान 2 लाख 37 हजार  करोड़ रुपये का अपना उच्चतम मासिक जीएसटी संग्रह दर्ज किया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, जिनके पास आबकारी एवं कराधान विभाग का प्रभार भी है, ने आज यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि हरियाणा, वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 5वें स्थान पर था।

हरियाणा ने  अप्रैल 2025 में राज्य जीएसटी संग्रह के रूप में 2,492 करोड़ 43 लाख रुपये प्राप्त किये, जो अप्रैल 2024 में एकत्र 2,154 करोड़ 13 लाख  रुपये की तुलना में 15.70% की उल्लेखनीय वृद्धि है। यह पर्याप्त वृद्धि हरियाणा के लगातार बेहतर आर्थिक प्रदर्शन और कुशल कर-प्रशासन को दर्शाती है।

----------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने आज पलवल के सरस्वती महिला महाविद्यालय में आयोजित महिला जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेणु भाटिया ने  छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया  कि आज इस कार्यक्रम में 300 छात्राओं को कानूनी अधिकारों, घरेलू हिंसा और अन्य कानूनी मुद्दों के बारे में जानकारी दी गई।

---

----------------